हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 17 दिसंबर 2025

07 समाजसेवी और आम नागरिक नेकी को दरिया...



08 जनसुनवाई : न्याय के लिए भटक रहे पीड़ित...




## खबर संक्षेप

### जनसुनवाई में 162 में से 96 आवेदन निराकृत

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई जनसुनवाई में 162 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 96 का मौके पर समाधान किया गया। शेष लंबित आवेदनों पर समय-सीमा में कार्यवाही कर जानकारी पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। कलेक्टर ने लंबित शिकायतों की समीक्षा कर त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर, संयुक्त कलेक्टर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### शीला को एक ही दिन में मिला कब्जा

**विदिशा।** मंगलवार को हुई जनसुनवाई में लश्करपुर निवासी शीला बाई वंशकार ने भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत की। आवेदन की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर ने तत्काल नायब तहसीलदार ओम बघेल को मौके पर भेजकर कार्रवाई के निर्देश दिए। राजस्व टीम ने उसी दिन ग्राम करारिया लश्करपुर में कानूनी प्रक्रिया पूर्ण कर आवेदिका को वैधानिक रूप से भूमि का कब्जा दिलाया। कब्जा मिलने पर आवेदिका ने प्रशासन का आभार जताया। यह कार्रवाई प्रशासन की त्वरित, संवेदनशील और जनहितैषी कार्यशैली को दर्शाती है।

### सलाहकार समिति की बैठक 18 दिसम्बर को

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सलाहकार समीक्षा समिति की बैठक 18 दिसम्बर को दोपहर 12.30 बजे तथा जिला स्तरीय समीक्षा समितिकी बैठक दोपहर 2.30 बजे कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में आयोजित होगी। लीड बैंक अधिकारी बीएस बघेल ने बताया कि बैठक में बैंकिंग विकास, सीडी रेशियो, केवाईसी, विभिन्न शासकीय योजनाओं प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0, पीएम स्वनिधि, स्वयं सहायता समूह क्रेडिट लिंकेज, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति, पीएमएफएमई, मत्स्य, डेयरी केसीसी सहित अन्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जाएगी।

### अंक सूची सत्यापन की जिम्मेदारी तय की

**विदिशा।** जिले के महिला एवं बाल विकास विभाग में नव-युक्त अभ्यर्थियों की अंक सूचियों के सत्यापन को लेकर कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सख्त निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने अंक सूचियों के परीक्षण एवं सत्यापन की जवाबदेही जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना समन्वयक को सौंपी है। कलेक्टर ने नियमानुसार, पारदर्शी एवं समयबद्ध सत्यापन सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद निर्धारित समय-सीमा में प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता सर्वोपरि है तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## गुरारिया के तालाब में 15 प्रजाति के पक्षी पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

शहर से 15 किमी दूर, गुरारिया गांव के प्राचीन तालाब में इन दिनों 15 प्रकार के पक्षी आ गए हैं।

10 बीघा के इस तालाब में लेसर व्हिसलिंग डक, ग्रे- हेडेड स्वैम्फेन पर्पल स्वैम्फेन नाम के पक्षी हैं। यह प्रजाति मध्य पूर्व, भारतीय उपमहाद्वीप और दक्षिण पर्व एशिया के कुछ हिस्सों में पाई जाती है। तालाब में सफेद गर्दन बाला बगुला भी है जिसे प्रशांत बगुला के नाम से भी जाना जाता है। इसका पूरा शरीर स्लेटी रंग का होता है। इसकी चोंच और पैर काले रंग के होते हैं।

यह प्रजाति ऑस्ट्रेलिया की मुख्य भूमि पर पाई जाती है आमतौर पर उथले मीठे पानी के आद्रभूमि कृषि बांधों और बाढ़ ग्रस्त चारागाहों में यह पाया जाता है। डीएफओ हेमंत यादव ने बताया कि मुर्गी की तरह दिखने वाला पक्षी पश्चिमी दलदली नील मुर्गी है। इसकी चोंच और माथे की पट्टी चमकीली लाल, तथा टांगें गुलाबी होती हैं।





**विदिशा।** शहर से करीब 15 किमी दूर गुरारिया गांव के पुस्तैनी तालाब में करीब 15 से भी अधिक प्रजाति के पक्ष डेरा जमाए हुए हैं।, इनमें से कई दूसरे देशों से भी भ्रमण करते हुए यहां आए हैं।

### नगरपालिका के कार्य समय-सीमा में पूरा करने दिए सख्त निर्देश

# अमृत 2.0 के निर्माण कार्य में लापरवाही करने पर भुगतना पड़ेगा जुर्माना: डीएम

**पीएम आवास योजना 2.0 के तहत जिले में कुल 10 हजार 862 आवेदन प्राप्त हुए।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में मंगलवार को बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिले की सभी नगरपालिकाओं एवं नगर परिषदों में अमृत 2.0 योजना अंतर्गत संचालित विकास कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूरे हों और कार्यों की गुणवत्ता व मटेरियल क्वालिटी से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए।

कलेक्टर ने कहा कि अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत जलप्रदाय, वाटर बॉडी, सौंदर्यीकरण, पार्क निर्माण सहित अन्य विकास कार्यों



**विदिशा।** बैठक के दौरान जिलेभर के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कलेक्टर।

### पीएम आवास योजना के 10 हजार 862 आवेदन

पीएम आवास योजना 2.0 के तहत जिले में कुल 10 हजार 862 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 9 हजार 386 का सर्वे किया गया। सर्वे के बाद 2 हजार 836 आवेदनों को पोर्टल पर स्वीकृति मिली, 2 हजार 147 में जियोटेक प्रक्रिया पूर्ण की गई। 512 आवेदन रिजेक्ट हुए हैं, जबकि कुल 1 हजार 635 आवेदनों को अनुमोदन प्राप्त हुआ। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि शासन की गाइडलाइन के अनुसार पात्र हितग्राहियों को ही योजना का लाभ दिया जाए।

के लिए तैयार की गई डीपीआर का गंभीरता से परीक्षण किया जाए। यदि डीपीआर में किसी प्रकार की त्रुटि या संशोधन आवश्यक हो तो संबंधित नगर परिषद की बैठक में अनुमोदन के बाद ही प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने सभी सीएमओ को निर्देशित किया कि कार्यों की दैनिक मॉनिटरिंग की जाए और तैयार प्लान परिषदों को भी उपलब्ध कराए जाएं, ताकि उसी के अनुसार कार्य संपादित हो सकें। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसी भी कार्य में अनावश्यक विलंब पाया गया तो संबंधित वेंडर के विरुद्ध पेनल्टी लगाने की कार्रवाई की जाए। जलकर वसूली के संबंध में निर्देश देते हुए कहा कि जिन उपभोक्ताओं को जल कनेक्शन दिए जाने हैं, उन्हें सड़क निर्माण से पहले वार्डवार सूचना देकर कनेक्शन की प्रक्रिया पूरी की जाए, ताकि बाद में सड़क खुदाई की स्थिति न बने।

#### नहीं पहुंचे गंजबासौदा सीएमओ, कलेक्टर खफा

बैठक में बासौदा नपा सीएमओ नहीं पहुंचे। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने नाराजगी जताते हुए जिला विकास शहरी अभिकरण को कारण बताओ नोटिस जारी करने एवं भोपाल प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) प्रथम व द्वितीय चरण के कार्यों की भी समीक्षा की गई।

#### इन विकास कार्यों की हुई समीक्षा की

बैठक में विदिशा नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत अमृत 2.0 योजना के चार प्रमुख कार्य वाटर सप्लाई एवं वाटर बॉडी कार्य, नीमताल का जीर्णोद्धार, चोरघाट नाला निर्माण तथा सीवरेज नेटवर्क को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा गंजबासौदा में पारासरी नदी सौंदर्यीकरण, लक्ष्मीबाई पार्क का विकास, जलप्रदाय कार्य; सिरोंज में वाटर सप्लाई, वाटर बॉडी व पार्क निर्माण; कुरवाई में वाटर बॉडी रिजुवनेशन, ग्रीन स्पेस डेवलपमेंट व जलप्रदाय; लटेरी में जलप्रदाय, तालाब व पार्क निर्माण तथा शमशाबाद में वाटर सप्लाई, तालाब व पार्क निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान अध्यक्षों व प्रतिनिधियों से सुझाव भी लिए गए।

## दुकान में चोरी का खुलासा एक महिला चोर गिरफ्तार

**रामलीला चौराह की दुकान से 11 बैटरियां चोरी कीं थीं**



**75 सीसीटीवी फुटेज खंगाले, 45 से अधिक संदिग्धों से पूछताछ कर चोर तक पहुंची पुलिस।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कोतवाली पुलिसचोरी गई 11 बैटरियां एवं एक ऑटो बरामद कर लिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक आनंद राज के नेतृत्व में गठित टीम ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर चोरी की गुत्थी सुलझाई।

पुलिस के अनुसार 14 दिसंबर को फरियादी भगत सिंह राजपूत निवासी न्यू अरिहंत विहार शंकर नगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि रामलीला चौराह स्थित उनकी दुकान से अज्ञात व्यक्ति द्वारा 11 बैटरियों की चोरी कर ली गई। घटना के बाद पुलिस ने लगभग 75 सीसीटीवी फुटेज खंगाले, तकनीकी विश्लेषण किया तथा 45 से अधिक संदिग्धों से पूछताछ की।

मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपिया मंजू यादव (45 वर्ष), निवासी बांके बिहारी कॉलोनी को गिरफ्तार किया। प्रकरण में एक विधि विरुद्ध बालक की संलिप्तता भी सामने आई, जिसे अभिरक्षा में लिया गया है। कार्रवाई में सहायक उप निरीक्षक मलखान सिंह सहित पुलिस बल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## जनसुनवाई में आवेदन देने पहुंचे युवक ने गटका जहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



जसुनवाई में आवेदन देने के बाद एक युवक ने बाहर आते ही जहर खा लिया। नटेरन तहसील के फूफैर गांव अतुल पंथी आपसी विवाद के बाद नटेरन थाने में एफआईआर दर्ज कराने पहुंचा था, जहां पुलिस ने उसकी नहीं सुनी।

सोमवार को 22 वर्षीय अतुल एसपी ऑफिस पहुंचा था पर उसकी सुनवाई नहीं हुई। मंगलवार को जब उसने जनसुनवाई में आवेदन दिया तो अधिकारियों ने आवेदन को एसपी ऑफिस पहुंचाने का कहा। अतुल को लगा कि घूम फिरकर बात वहीं आ गई और अब उसकी शिकायत की सुनवाई नहीं होगी। आवेदन देने के बाद जैसे ही वह बाहर आया तो उसने जहर खा लिया। जैसे ही यह बात अधिकारियों को पता चली तो आनन फानन में उन्होंने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं करैयाखेड़ा रोड़ निवासी 22 वर्षीय सीमा अहिरवार पति हेमराज अहिरवार ने अज्ञात कारणों से जहर खा लिया। इधर बंटी नगर निवासी 35 वर्षीय जयंती लोधी पति सुरेंद्र लोधी निवासी बंटी ने मां का निधन हो जाने पर पति के देरी से पहुंचने पर जहर खा लिया।

### सनाढ्य ब्राह्मण परिषद का वार्षिक सम्मेलन 20 को

**विदिशा।** जिला सनाढ्य ब्राह्मण परिषद द्वारा 20 दिसंबर शनिवार को रविंद्रनाथ टैगोर सांस्कृतिक भवन के ऑडिटोरियम में वार्षिक सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। परिषद के अध्यक्ष पंडित दीपक तिवारी ने बताया कि सम्मेलन में भोपाल हुजूर के विधायक पं. रामेश्वर शर्मा मुख्य अतिथि होंगे, जबकि अध्यक्षता पूर्व सांसद पं. प्रताप भानु शर्मा करेंगे। विशेष अतिथियों में पूर्व विधायक पं. शशांक भार्गव सहित समाज के अन्य गणमान्यजन शामिल रहेंगे। सम्मेलन में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में कक्षा 8वीं, 10वीं एवं 12वीं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जाएगा। साथ ही जिले में निवासरत 80 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों का अभिनंदन होगा।

## समस्याएं सुनने नपा लगाएगी शिविर, 75 लाख से नाला और 15 लाख से पुलिया बनेगी

**जन समस्या निवारण शिविरों से जनता को मिलेगी राहत: नपा अध्यक्ष प्रीति शर्मा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

आपकी नगरपालिका आपके द्वार कार्यक्रम के तहत नपा द्वारा अब जन समस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इसकी शुरुआत शुक्रवार से की जा रही है। यह बात मंगलवार को वार्ड 8 में आयोजित कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा ने कही।

कार्यक्रम के दौरान वार्ड में 75 लाख 50 हजार की लागत से नाला निर्माण तथा 15 लाख 37 हजार की लागत से पुलिया निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक मुकेश टंडन ने कहा कि नगरपालिका अब




तेजी से नगर के विकास एवं सौंदर्यकरण की दिशा में कार्य कर रही है। शहर के सभी वार्डों में समान रूप से विकास कार्य किए जा रहे हैं, जिससे नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। नपा अध्यक्ष प्रीति शर्मा ने कहा कि जन समस्या निवारण शिविरों में शासन की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ नागरिकों को एक ही स्थान पर मिलेगा। शिविरों में बिजली विभाग, चिकित्सा विभाग सहित अन्य विभागों से संबंधित समस्याएं सुनी जाएंगी और मौके पर ही निराकरण का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने नगर में हो रहे विकास कार्यों के लिए प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।

### आईटीआई में साइबर सिक्योरिटी एवं वित्तीय साक्षरता शिविर 17 को

**विदिशा।** जिले के युवाओं में वित्तीय ज्ञान और डिजिटल जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जिला अग्रणी बैंक द्वारा 17 दिसंबर को आईटीआई में साइबर सिक्योरिटी एवं वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित किया जाएगा। लीड बैंक ऑफिसर बीएस बघेल ने बताया कि शिविर में बैंकिंग प्रणाली, बचत एवं निवेश, ऋण प्रबंधन, डिजिटल भुगतान, साइबर सुरक्षा तथा कैरियर काउंसलिंग पर जानकारी दी जाएगी। छात्रों को ऑनलाइन फ्रॉड से बचाव, सुरक्षित डिजिटल लेन-देन और वित्तीय योजनाओं की व्यावहारिक समझ प्रदान की जाएगी। यह पहल आरबीआई एवं अग्रणी जिला प्रबंधन के संयुक्त प्रयासों से वित्तीय समावेशन को सुदृढ़ करेगी।




### पुलिस उप महानिरीक्षक ने पुलिस ग्राउंड पहुंचकर किया निरीक्षण

# डीआईजी ने सलामी ली, 151 अधिकारी - कर्मचारियों ने की परेड शानदार काम करने वाले कर्मचारियों को पुरस्कृत भी किया गया

**डॉग स्क्वाड के स्नायफर एवं ट्रैकर डॉग्स द्वारा प्रदर्शन किया गया।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

पुलिस उप महानिरीक्षक (देहात) भोपाल रेंज राजेश सिंह चंदेल का विदिशा में दो दिवसीय वार्षिक निरीक्षण हुआ। उनके विदिशा आगमन पर एसपी रोहित काशवानी ने स्वागत किया।

निरीक्षण के प्रथम दिवस 15 दिसंबर को डीआईजी ने पुलिस एसपी कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान कार्यालयीन कार्यप्रणाली, अभिलेख संधारण, लंबित प्रकरणों, प्रशासनिक व्यवस्था एवं जनसुविधाओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक सुधारात्मक निर्देश दिए। द्वितीय दिवस 16 दिसंबर को पुलिस लाइन ग्राउंड में परेड का आयोजन हुआ। जहां डीआईजी ने परेड की सलामी ली एवं निरीक्षण किया।

परेड के दौरान पुलिस डॉग स्क्वाड के स्नायफर एवं ट्रैकर डॉग्स द्वारा प्रदर्शन किया गया। अधिकारी-कर्मचारियों के टर्नआउट, अनुशासन, ड्रिल एवं समन्वय का सूक्ष्म अवलोकन किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों को पुरस्कृत भी किया गया। परेड



**विदिशा।** भ्रमण के दौरान निरीक्षण करते हुए डीआईजी राजेश सिंह चंदेल।

उपरांत ट्रैफिक पुलिस द्वारा यातायात नियंत्रण, सड़क सुरक्षा एवं भीड़ प्रबंधन का लाइव प्रदर्शन किया गया।

#### एसपी रोहित काशवानी ने डीआईजी को वर्ष 2025 की उपलब्धियां व आगामी योजनाओं की जानकारी दी

डीआईजी ने पुलिस वाहनों जीप, चार पहिया, वज्र वाहन सहित विशेष वाहनों की कार्यशीलता एवं रख-रखाव का निरीक्षण हुआ। बलवा ड्रिल अभ्यास में भीड़ नियंत्रण, आंसू गैस, वाटर कैनन, बैरिकेडिंग एवं प्राथमिक उपचार का प्रभावी प्रदर्शन किया गया। परेड की कमांड रक्षित निरीक्षक भूर सिंह चौहान ने संभाली। परेड में कुल 151 अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। परेड के पश्चात सैनिक सम्मेलन आयोजित हुआ, जिसमें पुलिस अधीक्षक ने वर्ष 2025 की उपलब्धियों एवं आगामी योजनाओं की जानकारी दी। कर्मचारियों की समस्याएं सुनकर डीआईजी ने शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। इसके बाद डीआईजी ने पुलिस कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर सीसीटीवी, डायल-112 एवं आपातकालीन प्रतिक्रिया तंत्र की समीक्षा की। साथ ही यातायात जागरूकता कार्यक्रम एवं खेल गतिविधियों में सहभागिता की। अंत में सीएसपी कार्यालय एवं थाना कोतवाली का निरीक्षण किया गया।

**जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-1600
उच्चतम भाव-5018
सरसों
न्यूनतम भाव-6330
उच्चतम भाव-7200
चना
न्यूनतम भाव- 4250
उच्चतम भाव- 5300
मसूर
न्यूनतम भाव-5590
उच्चतम भाव-6560
ज्वार
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव-6000
मक्का
न्यूनतम भाव-1371
उच्चतम भाव- 1702
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2800
उच्चतम भाव-3001
धान
न्यूनतम भाव-1000
उच्चतम भाव-3361
गेंहू
न्यूनतम भाव-2250
उच्चतम भाव-3650
उड़द
न्यूनतम भाव-4900
उच्चतम भाव-6300
बटरी
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-3800
धनिया
न्यूनतम भाव-8500
उच्चतम भाव-8500

### कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में मंगलवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 34140 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### सरदार पटेल के आदर्शों पर चलना चाहिए

**गंजबासौदा**। नगर की कुर्मी समाज धर्मशाला में सरदार वल्लभभाई पटेल की 75वीं पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने सरदार पटेल के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने आजादी की लड़ाई में अहम भूमिका निभाई। देश की एकता और अखंडता को मजबूत करने में ऐतिहासिक योगदान दिया। उनके संघर्ष, त्याग और दृढ़ नेतृत्व को याद किया गया। बताया गया कि उनके प्रयासों से ही सैकड़ों रियासतों का एकीकरण संभव हो सका। कार्यक्रम में समाज के लोगों से सरदार पटेल के आदर्शों, सिद्धांतों और राष्ट्रभक्ति से प्रेरणा लेने का आह्वान किया गया। कहा गया कि उनके दिखाए मार्ग पर चलकर समाज और देश के विकास में योगदान दें। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष शर्मा बाबू पटेल, रामबल सिंह कुर्मी, उमराब सिंह, बलराम सिंह, रामचरण सरपंच, राजेंद्र गौर आदि शामिल थे।

### सुबह, शाम तेज सर्दी का प्रकोप जारी

**गंजबासौदा**। विगत दो तीन दिनों से सर्दी का प्रकोप लगातार जारी है दिन के समय धूप निकल रही है। वहीं अल सुबह से लेकर 9 बजे तक एवं शाम से रात भर तेज सर्दी, कोहरा छा रहा है। जिससे बचने लोग गर्म कपड़ों, गर्म पेय पदार्थों का सेवन कर रहे हैं।

# उदयुपर में ट्रक से बचने बाइक फिसलकर पत्थरों से टकराई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



ट्रक से बचने के प्रयास में बाइक फिसलने से घायल अवस्था में पड़े दोनों बाइक चालक

मंगलवार को दोपहर के समय ग्राम उदयपुर के पास महामाई मंदिर मोड़ पर सड़क हादसा हो गया। ट्रक से बचने के प्रयास में बाइक फिसलने से दो युवक घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम खोंगरा निवासी माखन और राजकुमार सहरिया किसी काम से उदयपुर जा रहे थे। जैसे ही वे महामाई मंदिर मोड़ पर पहुंचे, सामने से एक ट्रक आ रहा था। ट्रक से बचने के लिए उन्होंने बाइक को सड़क से नीचे उतारने की कोशिश की, इसी दौरान बाइक बेकाबू होकर फिसल गई। सड़क के दोनों ओर पत्थर खदानों से निकले बड़े-बड़े पत्थरों के ढेर लगे हुए हैं। बाइक फिसलते हुए इन्हीं पत्थरों से जा टकराई, जिससे दोनों युवक घायल हो गए। हादसे में उन्हें हाथ और कंधे में चोट आई हैं। हादसे के बाद मौके पर मौजूद स्थानीय नागरिकों और राहगीरों ने घटना की सूचना तुरंत एंबुलेंस को दी। इसके बाद दोनों घायलों को उपचार के लिए शासकीय राजीव गांधी जनचिकित्सालय भेजा गया, जहां उनका उपचार जारी है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस मार्ग पर भारी वाहनों और ट्रकों की आवाजाही बनी रहती है, जिससे आए दिन हादसे होते रहते हैं।

## विधायक हरिसिंह रघुवंशी की स्वीकृति के बाद बन रहा है सीसी रोड

# लंबे इंतजार के बाद हुआ पूर्वी रेलवे कॉलोनी मार्ग का नवनिर्माण शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



पूर्वी रेलवे कॉलोनी रोड रेलवे स्टेशन क्षेत्र, बैहलोट बायपास को त्योंदा रोड से जोडने वाला मुख्य मार्ग है। लंबे अरसे से बदहाल पडे इस मार्ग पर कुछ साल पहले डामरीकरण किया गया था, लेकिन वह भी साल भर में ही उखड गया था। तब से यह मार्ग बेहद खस्ताहाल था। यहां के रहवासियों की मांग पर विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने इस मार्ग के सीसीकरण के लिए पांच करोड रूपए की स्वीकृति दी थी और इस स्वीकृति के बाद अब इस मार्ग का निर्माण शुरू कर दिया गया है। जिससे इस क्षेत्र के नागरिकों और वाहन चालकों को काफी राहत मिलेगी।
यहां उल्लेखनीय है कि लोक निर्माण विभाग के अधीन इस मार्ग की बरसों से अनदेखी की जा रही है। कुछ वर्ष पूर्व तक यह मार्ग पूरी तरह बदहाल होकर ग्रेवल रोड की तरह हो गया था। तब तत्कालीन जनपद पंचायत अध्यक्ष अंजली मनोज यादव के प्रयासों से इस मार्ग पर डामरीकरण कराया गया था, लेकिन लोनिवि के अधिकारियों की अनदेखी और निर्माण एजेंसी की मनमानी से बेहद गुणवत्ताहीन डामरीकरण साल भर में ही उखड गया और जगह जगह गहरे गड्ढे हो गए थे। इसके बाद लोनिवि ने निर्माण एजेंसी से मार्ग की एक दो बार मरम्मत तो कराई, लेकिन वह भी गुणवत्ताहीन और मात्र खानापूर्ति बनकर रह गई। नागरिक फिर से सडक निर्माण की मांग करने लगे। इस बीच विधायक हरिसिंह रघुवंशी के समक्ष नागरिकों एवं वाहन चालकों की यह समस्या उठी तो उन्होंने इस मार्ग के सीसीकरण के लिए पांच करोड रूपए की स्वीकृति प्रदान कर दी थी। जिसके बाद विभाग ने टेंडर प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद सडक निर्माण कार्य आरंभ करवा दिया है। लोनिवि के एसडीओ प्रदीप धाकड का कहना है कि करीब चार करोड रूपए से अधिक लागत से करीब 2 किमी लंबा सीसी रोड निर्माण शुरू करवाया गया है। आगामी आठ माह में निर्माण एजेंसी को इस मार्ग का निर्माण पूरा करना है।

### सीसी करण होने के बाद मिलेगी राहत

गंजबासौदा। यहां उल्लेखनीय है कि त्योंदा रोड को नगर के रेलवे स्टेशन, बेहलोट बायपास से जोडने वाला यह मुख्य मार्ग है। इसी मार्ग से होकर त्योंदा क्षेत्र के किसान अपनी उपज की नीलामी के लिए बरेठ रोड स्थित नवीन मंडी तक ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर जाते हैं। यह मार्ग खस्ताहाल होने से उन्हें अभी नगर के मध्य से होकर गुजरना पडता है। ऐसे में उन्हें समय भी लगता है और भीड के कारण दुर्घटनाओं का भी भय बना रहता है, लेकिन अब सीसी रोड बन जाने से अब वाहन चालकों को आवागमन में काफी राहत और सुगमता मिलेगी। दूसरी ओर पूर्वी रेलवे कॉलोनी के रहवासियों को भी इस मार्ग के बनने के बाद काफी राहत होगी। ज्ञात हो कि रेलवे स्टेशन के पूर्वी क्षेत्र में बडी संख्या में कॉलोनियां विकसित हो रही हैं, लेकिन नागरिक सडक सुविधा न होने से प्लाट लेने के बाद घर बनाने में हिचक रहे हैं। इस मार्ग के बन जाने से इस क्षेत्र में भी नगर का विस्तार तेजी से होगा और यहां के रहवासियों को भी सुविधा मिलेगी। इस सडक के निर्माण की स्वीकृति देने और निर्माण शुरू होने से नागरिकों एवं वाहन चालकों में काफी खुशी है और उन्होंने विधायक हरिसिंह रघुवंशी का आभार व्यक्त किया है।

# जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में किया एसजीएस टीम ने फाइनल में प्रवेश



प्रतियोगिता में भाग लेती शासकीय एसजीएस की टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मुकाबले में एसजीएस कॉलेज ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए शासकीय महाविद्यालय शमशाबाद को पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए एसजीएस कॉलेज ने निर्धारित 10 ओवरों में कुल 108 रन का लक्ष्य रखा।

एसजीएस कॉलेज की ओर से बल्लेबाजी करते हुए पृथ्वी ने शानदार 37 रन बनाए, सोहेल ने 27 रन, कबीर ने 17 रन तथा भानु ने उपयोगी योगदान दिया। इस लक्ष्य जवाब में उतरी शासकीय महाविद्यालय शमशाबाद की टीम निर्धारित 10 ओवरों में केवल 75 रन ही बना सकी। एसजीएस कॉलेज की गेंदबाजी भी काबिले-तारीफ रही। दीपक कुर्मी ने घातक गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट हासिल किए, जबकि संदर्भ ने 3 विकेट लेकर विपक्षी टीम की कमर तोड़ दी।

एसजीएस कॉलेज की इस शानदार जीत के साथ ही टीम ने जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। महाविद्यालय प्रबंधन, प्राचार्य एवं खेल प्रेमियों ने टीम को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए फाइनल मुकाबले के लिए शुभकामनाएं दीं।

# स्पोर्ट फेस्टिवल का हो रहा आयोजन



प्रतियोगिता में भाग लेते स्कूल के नन्ने मुन्ने बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर के हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम के सुभाष निकेतन हायर सेकेंडरी में खेल महोत्सव चल रहा है। जिसमें विभिन्न प्रकार की खेल प्रतियोगिताओं में बड़ी संख्या में विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। यह प्रतियोगिताएं प्री प्राइमरी, प्राइमरी, माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक सभी कक्षाओं के लिए हो रही हैं। जहां एक और प्री प्राइमरी के बच्चों के लिए स्पून रेस, बैग रेस, चेयर रेस, बैलून जंपिंग जैसी प्रतियोगिताएं हो रही हैं। वहीं प्राइमरी के बच्चों के लिए दौड़, शतरंज, रस्साकशी, जैसी प्रतियोगिताएं हो रही हैं। इसी प्रकार माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए खो-खो, कबड्डी के साथ-साथ रस्साकशी, एथलेटिक्स प्रतियोगिताएं, 400, 800 मीटर की दौड़, भाला फेंक, डिस्क थ्रो एवं अन्य कई प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। यह खेल महोत्सव 4 दिन चलेगा। बच्चे इस खेल महोत्सव में बहुत उत्साह के साथ भाग ले रहे हैं एवं खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम से स्पोर्ट स्पिरिट सीख रहे हैं। टीम भावना का भी विकास इस माध्यम से हो रहा है, विद्यार्थियों को इन सब प्रतियोगिताओं में कई स्तरों पर पुरस्कृत किया जाएगा।

# दो वर्षों से जारी है गम्मत, कीर्तन



गम्मत, कीर्तन में भाग लेते श्रद्धालुगण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बेदनखेड़ी स्थित जगदीश स्वामी मंदिर में भक्ति और आस्था की एक अनूठी परंपरा पिछले दो वर्षों से निरंतर चल रही है। यहाँ प्रत्येक एकादशी पर 'गम्मत कीर्तन' का भव्य आयोजन किया जाता है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। इसी कड़ी में, बीते सोमवार को सफला एकादशी के पावन अवसर पर मंदिर प्रांगण में पूरी रात भजन-कीर्तन का दौर चला। कड़कड़ाती ठंड के बावजूद भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। आसपास के क्षेत्रों से भी पहुँच रहे श्रद्धालु एवं कलाकार आयोजन के संबंध में जगदीश मंडल के सदस्य अभिषेक ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि यह सिलसिला पिछले दो साल से अधिक समय से बिना रुके जारी है। उन्होंने बताया कि कीर्तन पूरी रात चलता है, जिसमें न केवल स्थानीय वार्ड के, बल्कि आसपास के और दूर-दराज के क्षेत्रों से भी भक्तजन भगवान के दर्शन और कीर्तन के लिए पहुँचते हैं। भगवान के भजनों की धुन पर भक्त पूरी रात आनंद में झूमते नजर आए।

# मील रोड पर निःशुल्क नेत्र शिविर में की गई 237 मरीजों की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



शिविर में नेत्र परीक्षण कराने आए नेत्र रोगी

स्थानीय मिल रोड स्थित सद्गुरु विजन सेंटर पर स्वर्गीय नारायण सदाशिव सेवा संस्थान के सहयोग से निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर स्वर्गीय गोपीलाल शर्मा एवं विद्यावती शर्मा, स्वर्गीय आलोक शर्मा की पुण्य स्मृति में सेवा दिवस के रूप में मनाया गया। जिसमे संजीव शर्मा एवं उनके परिजनों द्वारा मरीजों को भोजन के पैकेटस वितरित किये गए। वहीं समाज सेवी मनोज यादव द्वारा सभी जाँच करने आये हुए लोगों को खिचड़ी का वितरण किया गया। शिविर में डॉ. राजकरण वर्मा एवं रवि अहिरवार ने 237 से अधिक मरीजों की नेत्र जांच की और नेत्र रोगों से बचाव के उपाय बताए। 92 से अधिक मरीजों में मोतियाबिंद के लक्षण पाए गए। मरीजों को निःशुल्क चश्मे वितरित किए गए। कैंप प्रभारी वर्मा के निर्देशन में काउंसलिंग टीम के द्वारा 45 चश्मों का वितरण किया। ट्रस्ट ने 65 मरीजों को दवाइयां वितरित कीं, 35 मरीजों के चश्मे के नंबर निकाले गए। बीपी और शुगर की जांच की गई। शिविर सहयोगी सुनील बाबू पिंगले ने बताया कि ऐसे नेत्र शिविर ट्रस्ट के रवि उपाध्याय के मार्गदर्शन में और सद्गुरु स्वर्गीय रणछोड़ दास महाराज के आशीर्वाद से शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर लगाए जा रहे हैं। इस मौके पर गणेशराम रघुवंशी, डॉ. एके. जैन, भगवान दास साहू, डॉ. राजकरण वर्मा, जगदीश अग्रवाल कनक कान्हा शर्मा, ओम प्रकाश चौरसिया, संजीव शर्मा, देवेंद्र रघुवंशी उपस्थित रहे। सभी ने कहा कि नेत्र रोगियों की सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म है। कार्यक्रम में विजय अरोरा, हेमंत भंडारी और सरदार सिंह सिसोदिया ने सहयोग दिया। कार्यक्रम के अंत में सुनील बाबू पिंगले ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आने वाले दिनों में ग्रामीण क्षेत्रों में भी निःशुल्क नेत्र शिविर लगाए जाएंगे।

# एसजीएस कॉलेज के पूर्व एनसीसी छात्र फ्लाइंग ऑफिसर के पद पर चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



भारतीय वायुसेना में चयनित निमित रघुवंशी

शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय के पूर्व छात्र और NCC केडेट निमित रघुवंशी का FCAT के द्वारा Flying Officer के पद पर 25 वी रैंक के साथ चयन हुआ है। छात्र की इस उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ. नरेन्द्र कुमार, पूर्व एएनओ घनश्याम चौकसे सहित महाविद्यालय स्टॉफ ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है। ज्ञात हो कि निमित रघुवंशी गमाकर निवासी स्व दिलीप रघुवंशी के पुत्र हैं। भारतीय वायुसेना में चयन होने पर उन्होंने जिला, तहसील एवं ग्राम का नाम रोशन किया है। ग्रामवासियों और परिजनों ने उन्हें इस उपलब्धि पर बधाई दी है। बधाई देने वालों में रविन्द्र रघुवंशी, हेमन्त रघुवंशी, कुलदीप ऋतिक, सुमित आदि शामिल हैं।

## पंचायतों में नहीं चल पा रहा स्वच्छता अभियान, जिम्मेदार मौन

# देखरेख के अभाव में कचरा गाड़ियां बदली कबाड़ में







देखरेख के अभाव में लंबे समय से बंद अवस्था में पड़ी होने कबाड़ में बदलीं कचरा गाड़ियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

एक ओर केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा नगर सहित ग्रामों को साफ, सुथरा बनाने के लिए लगातार कार्यक्रम आयोजित कर आमजन को जागरुक किया जा रहा है। साथ ही पंचायतों को भी स्वच्छता मिशन के तहत कचरा संग्रहण के लिए कचरा वाहन भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं, लेकिन लाखों का बजट खर्च होने के बाद भी स्वच्छता मिशन के अधिकारियों की अनदेखी के चलते गांवों में स्वच्छता की स्थिति सुधर नहीं पा रही है।
यहां उल्लेखनीय है कि आमजन को जागरुक करने के लिए आयोजित कार्यक्रमों में लाखों रुपए खर्च किए जा रहे हैं। जिससे अधिक से अधिक लोगों को जागरुक किया जा सके। इसके अलावा कचरा वाहन एवं अन्य सामग्री क्रय पर भी भारी बजट खर्च हो रहा है। स्वच्छता मिशन के संबंधित अधिकारी कर्मचारी जागरूकता कार्यक्रम और सामग्री खरीद में तो पूरी दिलचस्पी दिखाते हैं, लेकिन बाद में उनके द्वारा स्वच्छता अभियान की अनदेखी से यह मिशन असफल हो रहा है।
ऐसा ही एक मामला ग्राम पंचायत पुरवाई चक का सामने आया है। इस पंचायत में शासन द्वारा गांव का कचरा उठाने कचरा गाड़ियां दी थीं, लेकिन तकनीकी खराबी से ये गाडियां चली ही नहीं और गांव या पंचायत को इन वाहनों का कोई लाभ नहीं मिल सका। अब बंद पडी ये गाडियां एक ही जगह खडी रहकर अब कबाड़ में बदल गई हैं।
इस संबंध में ग्राम पंचायत पुरवाई चक्क के सचिव झुन्नीलाल रघुवंशी का कहना है कि कचरा वाहन आने के कुछ दिन बाद ही उनकी बैटरी खराब होने से वे बंद हो गए थे। बैटरी को लेकर कई बार स्वच्छता मिशन के अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

# चेक अनादरण के मामले में न्यायालय ने सुनाया फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

चैक अनादरण के एक पांच साल पुराने मामले में न्यायालय ने गत दिवस फैसला सुनाते हुए अभियुक्त को एक वर्ष के सश्रम कारावास और चैक में दर्ज मूल राशि के साथ ब्याज और व्यय अदा करने का आदेश दिया है। ब्याज और वाद व्यय अदा न करने पर न्यायालय के निर्णय में अतिरिक्त कारावास का भी प्रावधान किया गया है।
प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी आदेश कुमार जैन को रजौदा रोड निवासी उमेश कुशवाह ने रकम भुगतान के लिए वर्ष 2020 में पांच लाख रूपए का चैक दिया था। उमेश के खाते में पर्याप्त राशि न होने पर यह चैक बाउंस हो गया और उसके बाद आदेश कुमार जैन ने बैंक के माध्यम से उक्त मामले में चैक अनादरण का प्रकरण कायम करवा दिया। पिछले पांच साल से न्यायालय में चल रहे इस प्रकरण में गत दिवस प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट विमलेश मुडैया ने साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त उमेश कुशवाह को धारा 138 पराक्रम्य लिखत अधिनियम में दोषसिद्ध पाते हुए एक वर्ष का सश्रम कारावास और प्रतिकर के रूप में 5 लाख रूपए पर 9 प्रतिशत वार्षिक दर से ब्याज 263385 रूपए कुल 763385 अदा करने एवं व्यतिक्रम की दशा में 6 माह अतिरिक्त कारावास और वाद व्यय के रूप में 23000 रूपए परिवादी को अदा करने का आदेश दिया। जिसमें व्यतिक्रम के रूप में 5 दिन का कारावास का भी प्रावधान किया गया। इस मामले में परिवादी की ओर से पैरवी एड आरके बजाज ने की।

### पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक संपन्न

**गंजबासौदा**। ऑल प्रगतिशील पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन मध्य प्रदेश की बैठक का आयोजन प्रदेश अध्यक्ष सुधीर दुबे की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें आगामी 2026 में होने वाले प्रदेश स्तरीय विभिन्न मांगों को लेकर होने वाली हड़ताल की रूपरेखा तैयार की गई, साथ ही पेंशनर एंजॉय ग्रुप का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से जगदीप सिंह राजपूत को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया एवं सचिव पद पर द्वारका प्रसाद चौरसिया, उपाध्यक्ष अब्दुल वहाब सिद्दीकी एवं जयराम अहिरवार कोषाध्यक्ष पद पर सुधीर दुबे को चुना गया। चुने हुए सभी पदाधिकारी को सभी पेंशनर्स द्वारा बधाई दी गई एवं 17 दिसंबर को होने वाले पेंशनर दिवस पर भोपाल जाने की अपील की गई। भोपाल में पेंशनर दिवस का आयोजन किया गया है। बैठक में बड़ी संख्या में पेंशनर्स उपस्थित हुए। इस दौरान सह भोज का कार्यक्रम भी आयोजित हुआ।

### डॉ. विनीत तिवारी योग सांसद चुने गए



**गंजबासौदा**। भारतीय योग संसद की चयन समिति ने भोपाल संसदीय योग क्षेत्र से योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा महासंघ के अध्यक्ष तथा योग महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. विनीत तिवारी का योग सांसद के रूप में चयन किया है। विश्व योग संसद द्वारा राष्ट्रीय योग नीति के निर्माण, योग को राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति का आधार बनाने, भारत को विश्व की योग राजधानी घोषित करने, शिक्षा पद्धति में योग का समावेश, अनुभवी योगाचार्यों का सम्मान, योग के वैज्ञानिक अनुसंधान एवं प्रमाणीकरण, सामाजिक एकता व मानसिक स्वास्थ्य संवर्धन, ग्रामीण-शहरी क्षेत्रों में योग प्रसार, पर्यावरण संरक्षण एवं योग को विश्व गुरु बनाकर विश्व शांति स्थापना जैसे महत्वपूर्ण उद्देश्यों की पूर्ति के लिए इस संसद का गठन किया गया है।

## पुराने गर्म कपड़े नेकी की दीवार में दें ताकि जरूरतमंदों को लाभ मिले

# समाजसेवी और आम नागरिक नेकी को दरिया में नहीं, बल्कि दीवारों पर टांग रहे





हरिभूमि न्यूज ▶▶सिरोंज

एक कहावत है नेकी कर दरिया में डाल। वही सिरोंज के लोग नेकी को दरिया में नहीं बल्कि दीवारों पर टांग रहे हैं। नगर पालिका परिषद द्वारा प्रांरभ की गई इस नैकी की दीवार जहां से कई बेसहारा गरीबों को मदद मिल रही है। वही इसका स्लोगन दिया गया है कि अगर आपके पास अधिक है तो यहां पर दें और अगर नहीं है तो यहां से लें। नगर पालिका अध्यक्ष मन मोहन साहू व सीएमओ राम प्रकाश साहू द्वारा इस कड कडाती सर्दी को देखते हुए नैकी की दीवार का शुभांरभ किया गया। जिससे शहर के अधिकांश गरीब व्यक्ति जो कि सर्दी से बचने के लिए स्वटर आदि खरीदने में सक्षम नही है वह इस नैकी की दीवार पर आकर अपने लिए स्वटर आदि कपडें ले रहें है। जिससे वह सर्दी से भी बच रहे है साथ ही उनके लिए कपडें उपलब्ध कराने वाले नपा अध्यक्ष मनमोहन साहू व नपा सीएमओ राम प्रकाश साहू को दुआएं देते नजर आ रहें है।

### जरूरतमंद लोगों के लिए नपा अध्यक्ष ने की अपील

नगर पालिका परिषद अध्यक्ष मन मोहन साहू ने बताया कि नगर पालिका में स्थित नेकी की दीवार में गरीबों के हित में नगर के समृद्ध एवं संपन्न लोगों द्वारा वस्त्र एवं उनके अनुपयोगी की चीजें दान की जाती है। जिससे किसी गरीब के उपयोग की वस्तु बन कर उसके पालन - पोषण में काम आती है। इसी जनहित के कार्य के उद्देश्य को लेकर नगर पालिका के सीएमओ द्वारा नगर पालिका में नेकी की दीवार नाम देकर यह एक पुण्य का कार्य शुरू किया। जिसमें सिरोंज नगर की जनता का उनको सहयोग मिलता गया और आज हर एक व्यक्ति नगरपालिका में स्थित नेकी की दीवार पर आकर दान की कई वस्तुएं वहां रख कर जाता है, ताकि किसी गरीब के उपयोग में आ सके। इसी संबंध में नपा सीएमओ राम प्रकाश साहू ने नगर की जनता से कहा कि शीत ऋतु के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए अपने घरों में रखें पुराने गर्म कपड़े नेकी की दीवार में आकर दान करें, ताकि जरूरतमंद लोगों को लाभ मिल सकें।




### स्वयं के खर्चे पर करते है गरीबों की मदद

*नगर पालिका परिषद सीएमओ राम प्रकाश साहू गरीबो की मदद करने के लिए हमेशा से ही आगे रहें है। वह अपने स्वंय के खर्चे पर गरीबो की मदद करते आए है। यदि कुछ वर्ष पहले की बात की जाए तो एक समय ऐसा था जब हर व्यक्ति अपने घरों में कैद था और हर किसी को एक समय का मिलने की चिंता सताती थी। वह कोरोना काल का समय शायद ही कोई भूल पाए। उस समय भी श्री साहू गरीबो की मदद के लिए पीछे नही हटें वह अपने स्वंय के खर्चे पर गरीबो के लिए घर-घर जाकर अनाज आदि सामग्री उपलब्ध कराते थें। जिससे कि उस कोरोना काल में भी गरीब व्यक्तियो के घरो के चूल्हे जल सकें।*

# नगर के सभी मंदिर के पुजारियों का राजाजी की हवेली पर हुआ सम्मान



**सिरोंज।** सोमवार को सफला एकादशी के अवसर पर राजाजी कि हवेली पर नगर सभी मंदिरों के पुजारियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में नगर के सभी मंदिरों के पुजारी सम्मिलित हुए।

इस अवसर पर राजपरिवार के सबसे बड़े सदस्य राजकुमार गौड़ ने सभी पुजारियों को भोजन प्रसादी से पहले अपने परिवारजनों के साथ सभी ब्राह्मणों के चरण धोकर उनका पूजन किया गया। उसके पश्चात पुजारियों को तिलक लगाकर पुष्पमाला पहनाकर उपहार भेंट कर सम्मान किया गया। इस मौके पर राजकुमार गौड़ ने कहा कि मंदिर में भगवान की सेवा में रहने वाले सभी पुजारी भगवान के सर्वाधिक निकट रहते हैं और बिना अवकाश के निरंतर भगवान कि सेवा में संलग्न रहते हैं सच्चे सेवक होते हैं। इनके द्वारा भगवान की सेवा के साथ-साथ समाज में धर्म और संस्कारों का प्रचार-प्रसार किया जाता है। समाज को ऐसे लोगों का सम्मान करना चाहिए जो बिना किसी स्वार्थ के सेवा भाव से कार्य करते हैं।

## पैरालीगल वालेंटियर्स बने युवा समाजसेवी समीर कुरैशी



**सिरोंज।** जिला विधिक प्राधिकरण विदिशा द्वारा चयन समिति की अनुशंसा पर नालसा-पैरालीगल वालेंटियर्स योजना अंतर्गत जिला मुख्यालय विदिशा सहित सिरोंज, लटेरी, कुरवाई में पैरालीगल वालेंटियर्स का चयन किया गया। वही नगर के युवा समाजसेवी समीर कुरैशी को बनाया गया।

## मशहूर फिल्मी कॉमेडियन कलाकार संजय मिश्रा एवं हेमंत पांडे का भाजपा नेता तोषमणी पंथी ने किया सम्मान



**सिरोंज।** सिरोंज से चंदेरी जाते समय होटल एंजिल पर मशहूर फिल्मी कॉमेडियन कलाकार संजय मिश्रा एवं हेमंत पांडे कुछ समय के लिए यहां पर रुके। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता तोषमणी पंथी कन्ना ने दोनों फिल्मी कलाकारों का स्वागत किया एवं सिरोंज शहर के बारे में जानकारी दी। वही उन्होंने कहा कि आप फिर अगली बार जब भी यहां से सिरोंज से निकले तो थोड़ा समय हमारे सिरोंज वासियों को दें। हम आपका भव्य स्वागत करेंगे और जनता जनार्दन से आपको रूबरू कराएंगे। इस मौके पर एंजेल होटल संचालक गगन चिढार,अंकित चिढार सहित स्टाफ व अन्य नागरिक मौजूद थे।

# व्यापारियों की समस्याओं का समाधान कराना मेरी प्राथमिकताः अर्पित

## सिरोंज व्यापार महासंघ चुनाव आयोजित, अर्पित बने व्यापार महासंघ के अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिरोंज

रविवार रात्रि 9 बजें सिरोंज व्यापार महासंघ के चुनाव सर्व सहमति से संपन्न हुए। जिसमें सर्व सहमति से व्यापार महासंघ के अध्यक्ष के रूप में अर्पित मित्तल को चुना गया। वही उपाध्यक्ष पद पर जितेन्द्र जैन, कनिष्ठ उपाध्यक्ष अरूण लखपति, महामंत्री पद पर ओमप्रकाश बलेजा, कोषाध्यक्ष पद पर राहुल जैन, प्रवक्ता पद पर अनिल मंगल, मंत्री पद पर आलोक जैन कार्यकारिणी में राजेंद्र मंगल राजू,विकास गर्ग, नितिन सोनी,ऋषि नेमा को चुना गया एवं संरक्षक के लिए पदम ताम्रकार,कैलाश सोनी,समीर भार्गव,सुनील जैन को नियुक्त किया गया। यह चुनाव कार्यक्रम सर्व सहमति से संपन्न हुआ। इस अवसर पर व्यापार महासंघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अर्पित मित्तल ने कहा कि सर्वप्रथम सिरोंज व्यापार महासंघ का अध्यक्ष के नाते मेरी प्राथमिकता रहेगी कि व्यापारी हित के लिए जहां भी मेरी जरूरत होगी वहां उपलब्ध होकर व्यापारी हित की बात रख सकें। नगर को व्यवस्थित करने के लिए नगर में दो पहिया वाहन पार्किंग की अति आवश्यकता है एवं नगर के ट्रैफिक की ओर भी विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। जिससे हो रही व्यापार में परेशानियां में निजात मिले। वही अनेक वर्षों पुरानी मांग सुलभ कंपलेक्स,महिला सुलभ कंपलेक्स,मुख्य बाजार अति आवश्यक है। इन्हें स्वीकृति शीघ्र निर्माण करना और कहीं भी किसी भी स्तर पर प्रशासनिक अधिकारी द्वारा शहर के व्यापारियों को कहीं भी परेशान करने पर सर्वप्रथम व्यापारी हित के लिए आगे आना मेरी प्राथमिकता रहेगी। वही नगर के व्यापार और समृद्ध बनाने के लिए नगर में लघु उद्योग की स्थापना करना। शासन स्तर पर इसकी मांग उठाना, सिरोंज का व्यापार कैसे समृद्ध हो और आगे बढ़े इस और कदम उठाना मेरा परम कर्तव्य रहेगा।



# राशन कार्ड धारकों को पर्याप्त खाद्य सामग्री दें



**सिरोंज।** भारतीय खाद आपूर्ति उपभोक्ता संरक्षण परिषद के अध्यक्ष एडवोकेट सुभाष बोहत ने देश के सभी जिला कलेक्टरों को पत्र लिखकर मांग करते हुए कहा कि गरीबी रेखा बीपीएल श्रेणी में आने वाले सभी राशन कार्ड धारकों को वर्तमान में दी जा रही अल्प मात्रा के बजाय पर्याप्त गेहूं, चावल, शक्कर, खाने का तेल, साबुन एवं अन्य आवश्यक उपभोक्ता सामग्री उपलब्ध कराई जाए। उन्होने पत्र में उल्लेख किया कि वर्तमान व्यवस्था में मिलने वाली खाद्य सामग्री इतनी कम है कि गरीब परिवार एक समय का भी पर्याप्त भोजन नहीं कर पा रहे हैं, जिससे राइट टू फूड का उद्देश्य ही विफल हो रहा है। मात्र औपचारिकता बताते हुए तत्काल सुधार की मांग की है।

इस अवसर पर भारतीय खाद आपूर्ति उपभोक्ता संरक्षण परिषद के अध्यक्ष एडवोकेट सुभाष बोहत ने भारत देश के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री सहित देश के सभी राज्यपालों, मुख्यमंत्रियों एवं खाद्य मंत्रियों को भी पत्र लिखकर आग्रह किया है।

## खाटू श्याम मंदिर के सातवें वार्षिकोत्सव में हुई भजन संध्या



**विदिशा।** श्याम मंदिर खाटू धाम के सातवें वार्षिक उत्सव के चौथे दिन भव्य आयोजन हुआ। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष घनश्याम बंसल ने बताया कि सुबह 11:30 बजे बाबा श्याम को सवामनी का भोग लगाया गया। शाम 7 बजे से अंतरराष्ट्रीय भजन गायक मोनू दुआ एवं भोपाल से विवेक शर्मा ने श्याम भजनों की प्रस्तुति दी। जिसने सभी श्रद्धालुओं के मन को आनंद से भर दिया।

## मंडल स्तरीय क्रिकेट फाइनल में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत विदिशा विधानसभा क्षेत्र के मंडलों की फाइनल क्रिकेट प्रतियोगिताएं मंगलवार को एसएटीआई कॉलेज में आयोजित की गईं। प्रतियोगिता में दुर्गा नगर, बेसनगर, बेत्रवती एवं ढोलखेड़ी मंडल की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और शानदार खेल का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ विधायक मुकेश टंडन ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। उन्होंने खिलाड़ियों को खेलों के महत्व से अवगत कराते हुए जीवन में अनुशासन, टीम भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को आवश्यक बताया। जिला खेल अधिकारी प्रदीप सिंह रावत ने बताया कि दुर्गा नगर मंडल के पुरुष वर्ग में थंडरबोल्ट टीम विजेता रही। बेसनगर मंडल में मुखर्जीनगर, बेत्रवती मंडल में अप्पू जूनियर तथा ढोलखेड़ी मंडल में जफरखेड़ी ने खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता में जनप्रतिनिधि, मंडल अध्यक्ष, प्रशिक्षक, अंपायर एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे।



## सिरोंज में राजा पेमलशाह के जीवन पर आधारित नृत्य-नाटिका का भव्य मंचन

# गौंड सभ्यता के राजाओं ने सनातन संस्कृति के संरक्षण में निभाई अहम भूमिकाः उमाकांत शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

मध्यप्रदेश संस्कृति विभाग के तत्वाधान में गौंड सभ्यता के महानायकों पर आधारित जननायक कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को राजा पेमलशाह के जीवनवृत्त पर आधारित नृत्य-नाटिका की सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ विधायक उमाकांत शर्मा ने किया। शुभारंभ अवसर पर मंच से शहर के दो निजी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।



मुख्य अतिथि विधायक उमाकांत शर्मा ने कहा कि गौंड सभ्यता के राजाओं ने सनातन संस्कृति, भारतीय ज्ञान परंपरा और लोक दर्शन के संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। राजा पेमलशाह सहित लगभग 50 गौंड राजाओं ने अपने-अपने क्षेत्रों में अंग्रेजों और मुगलों से संघर्ष करते हुए समाज और संस्कृति की रक्षा की। उन्होंने इस आयोजन के लिए संस्कृति विभाग, मंत्री धर्मेंद्र लोधी एवं आदिम जाति कल्याण मंत्री विजय शाह का आभार व्यक्त किया। शाम साढ़े सात बजे भोपाल से आए 45 सदस्यीय कलाकार दल ने रामचंद्र सिंह के निर्देशन में राजा पेमलशाह के जीवन पर आधारित संगीतमय नाट्य मंचन किया। केडीबीएम विद्यालय के विद्यार्थियों ने वाद्ययंत्रों से प्रस्तुति दी, वहीं छात्राओं ने वंदे मातरम् गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष पुष्पा यादव ने की। विशेष अतिथि के रूप में नपा अध्यक्ष मनमोहन साहू एवं एसडीएम हरिशंकर विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

संचालन शिवमोहन मिश्रा ने तथा आभार प्रदर्शन नपा सीएमओ रामप्रकाश साहू ने किया। तीन दिवसीय इस आयोजन में विभिन्न गोंड महानायकों के जीवन पर आधारित नाट्य प्रस्तुतियां होंगी।

## नवोदय विद्यालय में हुई प्रतियोगिता आयोजित

**शमशाबाद।** पीएम स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय में गति निर्धारक गतिविधियों के अंतर्गत कक्षा 6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए भित्ति चित्रण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य जितेंद्र कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता में क्षेत्र के ज्ञान ज्योति स्कूल, गुरुकुल स्कूल, सनराइज मॉडल स्कूल एवं स्वामी विवेकानंद स्कूल के चयनित विद्यार्थियों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों को स्वल्पाहार एवं पारितोषिक प्रदान किए गए। इस अवसर पर गति निर्धारक गतिविधियों की प्रभारी किरण गोपी , कला शिक्षक सर्वेश त्रिपाठी, राजाराम (टीजीटी हिन्दी) का विशेष सहयोग रहा।

# किसानों को सरल ऋण सुविधा देने कार्यशाला आयोजित

## नटेरन के जनपद सभागृह में किसानों को दी गई डिजिटल ऋण प्रक्रिया की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶नटेरन

नटेरन जनपद सभागृह में कृषि मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा कृषिका एप के संबंध में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में शाखा प्रबंधक नटेरन मयंक द्विवेदी ने किसानों को संबोधित करते हुए बताया कि कृषिका ऐप के माध्यम से किसान आसानी से केसीसी के लिए आवेदन कर सकते हैं, जिससे उन्हें खाद-बीज की खरीद, खेती के लिए ऋण तथा साहूकारों के कर्ज से मुक्ति मिल सकेगी। कार्यशाला में कृषि मंत्रालय दिल्ली से आए सुमित सोनी ने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि किसानों को कम से कम कागजात और कम समय में ऋण उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने बताया कि कई बार किसानों को जरूरत के समय पैसा नहीं मिल पाता और मजबूरी में उन्हें अधिक ब्याज पर ऋण लेना पड़ता है। कृषिका एप इस समस्या का समाधान है। उन्होंने बताया कि एंड्रॉयड मोबाइल रखने वाले किसान एप के माध्यम से अपनी जमीन, फसल और अन्य जानकारी घर बैठे अपलोड कर सकते हैं, जिससे आवेदन सीधे बैंक तक पहुंच जाएगा। इसके बाद बैंक द्वारा केवल हस्ताक्षर के लिए बुलाया जाएगा। कार्यशाला में प्रोजेक्टर के माध्यम से एप की विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर बैंक स्टाफ, अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।




# भारत भारती संस्कार जैन मंडल ने ट्रैक्टर ट्रॉली पर रेडियम लगाया




**विदिशा।** भारत भारती संस्कार जैन मंडल द्वारा सड़क सुरक्षा के उद्देश्य से विदिशा कृषि उपज नई मंडी परिसर में एक सराहनीय पहल की गई। मंडल की ओर से ट्रैक्टर–ट्रॉलियों पर लगभग 400 रेडियम रिफ्लेक्टिव स्टिकर्स लगाए गए, ताकि रात्रि के समय होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डीआईजी राजेश सिंह चंदेल उपस्थित रहे। एसपी रोहित कस्वानी, एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे सहित अन्य पुलिस अधिकारी भी मौजूद थे। मंडल प्रमुख नीता सराफ ने बताया कि भारत भारती संस्कार जैन मंडल विगत 15 वर्षों से लगातार यह सेवा कार्य कर रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य जनसुरक्षा और सड़क हादसों की रोकथाम है। कार्यक्रम में समाजसेवी प्रवीण शर्मा, राजकुमार शर्मा, चिपिन सराफ, निर्विरोध पार्षद राजेश राय, जिनेश जैन, टिंजी, ग्रेन मर्चेंट चक्रेश जैन मौजूद रहे। इस कार्य में पुलिस एफएसएल के भानु दुबे का भी सहयोग रहा।

## हमला करने वाले को 3 साल की सजा सुनाई

**विदिशा।** पूरनपुरा गली नंबर 4 में 1 जनवरी 2024 को देर रात 2:30 बजे महिला पर हमला कर उंगली काटने वाले आरोपी पवन शर्मा को जिला सत्र न्यायाधीश शेख सलीम ने 3 साल कठोर कारावास और 3 हजार रुपए अर्थ दंड से दंडित किया।

**सर्वधारण सूचना**

प्रार्थी चंचल जैन पुत्री प्रकाश चंद्र जैन आयु 21 वर्ष निवासी अरिहंत विहार विदिशा मध्य प्रदेश की निवासी है प्रार्थी केंद्रीय विद्यालय सांची रोड विदिशा से कक्षा 12 वीं की परीक्षा सन 2022 में उत्तीर्ण करने के पश्चात इसी स्कूल से टीसी निकलवाई थी जिसका रोल नंबर 19675023 है जोकी कहीं गुम हो गई है । बहुत ढूंढने के पश्चात् भी नहीं मिल पा रही है , उक्त टीसी का प्रार्थी के द्वारा कोई भी दुरुपयोग नहीं किया गया है अग्रिम अध्ययन हेतु टीसी की आवश्यकता है। जिस किसी को भी यह टीसी मिली हो वह इस नंबर पर 8103627863 संपर्क कर दे सकता है

# नव वर्ष के मेले में विरासत से रूबरू होंगे पर्यटक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ग्यारसपुर

मध्यप्रदेश का ऐतिहासिक नगर ग्यारसपुर अपने गौरवशाली अतीत और अनुपम स्थापत्य कला के कारण देश-विदेश में विशेष पहचान रखता है।

नववर्ष के अवसर पर 1 जनवरी 2026 को यहां आयोजित होने वाला पारंपरिक मेला एक बार फिर इतिहास, संस्कृति और आस्था का भव्य संगम प्रस्तुत करेगा। इस अवसर पर आसपास के जिलों सहित दूर-दराज से हजारों पर्यटक अपने परिवार के साथ ग्यारसपुर पहुंचेंगे और नववर्ष का स्वागत ऐतिहासिक धरोहरों के बीच करेंगे।ग्यारसपुर की पहचान नवीं-दसवीं शताब्दी की अद्भुत इमारतों से है, जो आज भी अपने वैभव की कहानी बयां करती हैं। यहां स्थित माला देवी मंदिर, हिंडोला तोरण, अठखंभा और अन्य स्थापत्य धरोहरें तत्कालीन शिल्पकला, धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक समृद्धि का जीवंत प्रमाण हैं। पत्थरों पर उकेरी गई महीन नक्काशी और भव्य संरचनाएं पर्यटकों को सदियों पुराने इतिहास की यात्रा पर ले जाती हैं।नववर्ष मेले के दौरान ग्यारसपुर की गलियां सांस्कृतिक गतिविधियों, लोकपरंपराओं और उत्सव के रंग में रंग जाती हैं। यह मेला न केवल पर्यटन को बढ़ावा देता है, बल्कि क्षेत्र की प्राचीन विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम भी बनता है। ग्यारसपुर का यह वैभवशाली इतिहास आज भी गौरव के साथ पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है।



## कथा के लिए कलश यात्रा 20 को निकाली जाएगी

**करारिया।** करारिया ग्राम में लश्करपुर सोसाइटी परिसर में सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन हो रहा है। इसकी तैयारियां जोरों पर हैं और लगभग सभी कार्य अंतिम चरण में हैं। कथा वाचक बद्री प्रसाद शास्त्री 20 दिसंबर को आएंगे। इसी दिन भव्य कलश यात्रा का शुभारंभ होगा, जो करारिया चौराह से सतधारा नदी होते हुए यज्ञ स्थल पर समाप्त होगी। कथा प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगी और यह कार्यक्रम 26 दिसंबर तक जारी रहेगा। ग्राम में इस आयोजन को लेकर अत्यधिक उत्साह देखने को मिल रहा है।

## फरियादियों ने कहा -अब जनसुनवाई में एक बार में नहीं होती है सुनवाई

# जनसुनवाई : न्याय के लिए भटक रहे पीड़ित, नहीं हो रही सुनवाई

दो से तीन बार आवेदन देने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं होने पर फिर आवेदन लेकर जनसुनवाई में पहुंचे आमजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

प्रदेश की डॉ मोहन सरकार द्वारा जनसमस्याओं के निराकरण के लिए प्रति मंगलवार को शुरू की गई जनसुनवाई में अब लोगों को बार-बार चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। जिसके बाद भी उनकी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। मंगलवार को कलेक्टोरेट में आयोजित जनसुनवाई में सैकडों लोगों की भीड़ लगी हुई थी, जिसमें से अधिकतर दूसरी, तीसरी बार आवेदन देने के लिए आए थे। इस दौरान लोगों का कहना था कि अब जनसुनवाई में सुनवाई ही नहीं होती है।

फरियादी सीताराम कुशवाह निवासी गैरतगंज तहसील के बनखेड़ी ने बताया कि गांव की दो सौ बीघा गौचर जमीन पर परम, सालिम, विशाल, नरेश, नंदू, रामसहाय, रामदयाल ने कब्जा कर जोत लिया है। जिससे मवेशियों के चरने के लिए जगह नहीं बची है। जिसकी शिकायत ग्रामीण चार बार कलेक्टर की जनसुनवाई में कर चुके हैं। उसके बाद भी कुछ नहीं हुआ, अब पांचवीं बार जनसुनवाई में आए हैं।




### महिलाओं ने जनसुनवाई में कलेक्टर से लगाई बिजली की समस्या को लेकर गुहार

ग्राम पंचायत सनखेड़ी, देवलपुर ग्रामीणों के साथ आईं महिला मोहन बाई, कला बाई, गुड्डी बाई, भागवती देवी, पूनम बाई, कौशल्या, रेखा बाई ने बताया कि वे जनसुनवाई में चौथी मर्तबा आवेदन देने पहुंची। देवलपुर गांव में बिजली चालू करने को लेकर आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि वह इससे पहले भी कई बार आवेदन दे चुकी हैं। गांव में गरीब मजदूरों को जमीनों के ना तो पट्टे मिले और ना ही पीएम आवास योजना का लाभ मिला। जबकि हम लोग गरीबी रेखा से नीचे जीवन बसर कर रहे हैं।

### दिखवा लेता हूं

मुझे जानकारी नहीं है कि किस कारण से जनसुनवाई के मामले पेंडिंग हो रहे है। मैं दिखवा लेता हूं कितने मामले पेंडिंग है। जिससे उनका निराकरण किया जा सके।

- अरूण विश्वकर्मा, कलेक्टर रायसेन।

### कलेक्टर को समस्या बताते हुए रो पड़ी बुजुर्ग महिला

ग्यारसाबाद की बुजुर्ग किसान सीताबाई यादव जनसुनवाई में अपनी पीड़ा कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा को सुनाते वक्त रो पड़ी। वह बोलीं मेरी पैतृक पुस्तैनी लगभग 14 एकड़ जमीन पर दंबगों ने कब्जा कर रखा था। आवेदन पर प्रशासन ने कब्जे से मुक्त करवा दी थी, लेकिन बीती रात फिर से जमीन पर दबंगों ने ट्रैक्टरों से बखरनी कर बोवनी कर दी। इस मामले की शिकायत वह जनसुनवाई सहित कलेक्टर एसपी एसडीएम रायसेन को दर्जनों बार आवेदन देकर गुहार लगा चुकी।

दबंगों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि वह खुलेआम हथियारों से लैस हो बुजुर्ग किसान सीता बाई को धमकी दे चुके हैं कि अगर जमीन पर पैर रखे तो टुकड़े टुकड़े कर नाले में फेंक देंगे। उसकी खेत में खड़ी लगभग छह लाख कीमत की धान की फसल पुलिस नकतरा देवनगर की मिलीभगत से सरेआम काट कर ले गए।

### एसपी कार्यालय में एसपी ने भी सुनी समस्याएं

वहीं एसपी कार्यालय में हुई जनसुनवाई में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। एसपी आशुतोष गुप्ता ने जनसुनवाई की अध्यक्षता की। इस दौरान फरियादियों ने जमीनी विवाद, आपसी झगड़े और अतिक्रमण की शिकायतें रखीं। पारिवारिक कलह और पुलिस सहायता से जुड़े मुद्दे भी उठाए गए। एसपी श्री गुप्ता ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना। कई मामलों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। जटिल प्रकरणों की जांच के लिए बीट पुलिस अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई।

एसपी श्री गुप्ता ने कहा कि पुलिस जनता की सेवा के लिए है। उन्होंने आश्वासन दिया कि किसी को न्याय के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा।जनसुनवाई का मुख्य उद्देश्य आमजन की समस्याओं का थाना स्तर पर ही समाधान करना है। इससे लोगों को उच्च कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

---

शहर के दबंग व्यापारी ने सरकारी जमीन पर कर रखा था अतिक्रमण

## एसडीएम के निर्देश पर नपा ने अतिक्रमण पर चलाई जेसीबी

खबर का असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर के वार्ड नंबर 14 रेशम केंद्र मार्ग पर वन विभाग की सरकारी जमीन पर नगर के एक व्यापारी ने अतिक्रमण कर रखा था। यहां नगर पालिका परिषद द्वारा पाइप लाइन बिछाई जाना है और नाले का निर्माण होना था, लेकिन व्यापारी द्वारा किया अवैध अतिक्रमण विकास कार्य में रोड़ा बना हुआ था।

लोकप्रिय समाचार पत्र हरिभूमि ने सरकारी वन विभाग की जमीन पर व्यापारी द्वारा किए अतिक्रमण को प्रमुखता से उठाया था। खबर प्रकाशित होने के बाद मामला एसडीएम मनीष शर्मा के संज्ञान में आया, जिसके बाद एसडीएम ने मामले में कार्रवाई करते हुए नगर पालिका को निर्देश दिए।

मंगलवार को नपा की जेसीबी ने पहुंचकर व्यापारी द्वारा किए अवैध अतिक्रमण को साफ कर दिया। सरकारी हैंडपंप को भी अतिक्रमण मुक्त कराया गया और नाला निर्माण के लिए जेसीबी मशीन से खंती बनाई।

बता दें कि उक्त व्यापारी द्वारा किए अतिक्रमण के संबंध में वार्ड पार्षद देवेंद यादव ने भी बीते दिनों जनसुनवाई में पहुंचकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर शिकायत की थी।

सूत्रों के अनुसार उक्त व्यपारी को राजनीतिक दलों सहित अन्य लोग अतिक्रमण करने में मदद कर रहे थे। जिसके चलते अतिक्रमण कारियों के हौसले बुलंद थे।

## रेत के आसमान छू रहे रेट भवन निर्माण हुआ महंगा

### जिम्मेदार उदासीन, खनन माफिया सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

नर्मदा क्षेत्र के देवरी, उदयपुरा, बरेली, बाड़ी तहसीलों में दर्जनों नर्मदा रेत खदानें हैं। इन रेत खदानों से प्रतिदिन ट्रैक्टर ट्रालियों डंपरों द्वारा खनन माफिया के निजी लाभ के लिए मनचाहे स्थान पर रेत का उत्खनन ओवरलोड परिवहन और महंगे दामों पर विक्रय का कार्य किया जा रहा है।

नर्मदा क्षेत्र के निवासियों को अपने यहां ही निकलने वाली एक ट्राली नर्मदा रेत के लिए 6-7 हजार के दाम चुकाना पड़ रहे हैं। महंगी नर्मदा रेत के कारण पीएम आवासों का निर्माण प्रभावित हो रहा है वहीं निजी भवन निर्माण की लागत महंगी रेट के कारण बढ़ जाने से बजट गड़बड़ा रहा है। जो नर्मदा रेत पूर्व में 2000 रू ट्रॉली आसानी से नगर में और 2500 रू में ट्राली ग्रामीण क्षेत्र



में मिल जाया करती थी।अब नगर के भवन निर्माण कर्ताओं को 6-7में हजार एक ट्रॉली रेत मिल रही है।रेत के भाव तीन गुना तक बढ़ जाने के कारण विभिन्न स्तरों पर रेत कारोबारी को कमीशन राशि उगाही के रूप में रॉयल्टी भराई के नाम पर मोटी रकम देना पड़ती है।

रेत खदानों पर मनमानी का राज बना रहता है। रेत के उत्खनन परिवहन में नर्मदा किनारे रेत खदानों पर विवाद झगड़े की स्थिति बनती है पिछले दिनों सतरावन में रास्ते के विवाद ने दो पक्षों में उग्र रूप धारण कर मारपीट की घटना भी हुई थी।

---

## वाहनों को सड़क एक्सीडेंट से बचाने लगाईं रेडियम पट्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

सेहतगंज स्थित टोल टैक्स प्लाजा बैरियर पर स्काई लार्क इंफ्रा इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा सर्दी के मौसम में कोहरे के कारण वाहनों को हादसे से बचाने रेडियम पट्टी लगाई गई और वाहन स्लो स्पीड से चलाने सलाह दी।

नेशनल हाईवे अथॉरिटी के निर्देश पर भोपाल रोड स्थित ग्राम सेहतगंज के बने टोल प्लाजा पर भी कंपनी द्वारा कड़ाके की ठंड में घने




कोहरे के कारण होने वाले एक्सीडेंट से बचाने के लिए मंगलवार को करीब 50 वाहनों में रेडियम पट्टी लगाई गई और वाहन चालकों को कोहरे के समय वाहनो को धीमी गति से चलाने की सलाह दी गई।

## वूमेंस फन कार्निवल में महिलाओं की प्रतिभा को मिला मंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

कंगन सहेली की ऑनर कामना चौरसिया एवं उनकी टीम द्वारा शहर के मुखर्जी नगर स्थित शगुन गार्डन में वूमेंस फन कार्निवल का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को अपनी कला, हुनर और रचनात्मक क्षमताओं को प्रस्तुत करने प्रेरित करना था, जिससे वे आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ा सकें।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साह पूर्वक सहभागिता की। किसी महिला ने घर पर तैयार किया हुआ केक प्रस्तुत

### महिला सशक्तिकरण की अनूठी पहल



किया तो किसी ने हस्त निर्मित पर्स, आर्ट और क्रिएटिव उत्पादों को प्रदर्शित किया। इस आयोजन ने महिलाओं को अपने हुनर को पहचान दिलाने के साथ-साथ नए व्यवसाय शुरू करने के लिए भी प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं को यह संदेश दिया गया कि वे केवल गृहिणी तक सीमित न रहें बल्कि अपनी रुचि और प्रतिभा को पहचानकर उसे व्यवसाय का रूप दे सकती हैं। आयोजकों द्वारा महिला उद्यमियों और नए व्यवसायों को पूरा सहयोग दिया गया।

आयोजक कामना चौरसिया ने कहा कि वूमेंस फन कार्निवल का उद्देश्य महिलाओं को आत्मविश्वास देना और उन्हें यह एहसास कराना है कि उनकी कला और मेहनत ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। जब महिलाएं एक-दूसरे का समर्थन करती हैं तभी सशक्त समाज की नींव रखी जाती है।

---

## धान की ट्रैक्टर-ट्रॉली रूट के खिलाफ फूटा किसानों का गुस्सा, किया प्रदर्शन

### शहर से ट्रैक्टर-ट्राली निकालने की मांग पर अड़े रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

पुलिस द्वारा नगर में ट्रैक्टर-ट्राली के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने एवं रूट बदलने से आक्रोशित किसानों ने मंगलवार को शहर के सागर-भोपाल तिराहे पर अपने वाहन खड़े कर जमकर प्रदर्शन किया।

किसानों ने मांग की है कि यातायात पुलिस बैरिकेड्स हटाए और उन्हें शहर के मुख्य बाजार से ही ट्रैक्टर-ट्रॉलियां निकालने की अनुमति दे। उन्होंने कहा कि भोपाल रोड, सैंडोरा और बाईपास से होकर जाने में उन्हें काफी दिक्कत हो रही है और यह रास्ता काफी लंबा पड़ता है।

इसी समस्या के कारण वे शहर के बीच से ही ट्रैक्टर-ट्रॉलियां ले जाने पर अड़े रहे। सूचना मिलने पर थाना कोतवाली प्रभारी नरेंद्र गोयल, सैंडोरा चौकी प्रभारी शैलेंद्र दायमा



और यातायात प्रभारी लता मालवीय मौके पर पहुंचे। उन्होंने किसानों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन किसान अपनी मांग पर डटे रहे।

बता दें कि इन दिनों अनाज मंडी में धान की बंपर आवक के चलते प्रतिदिन सैकड़ों ट्रैक्टर-ट्रॉलियां दशहरे मैदान पहुंच रही हैं। स्थिति को देखते हुए यातायात पुलिस ने कुछ दिनों पहले ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के लिए नया रूट प्लान तैयार किया था। सांची रोड से आने वाली ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को भोपाल बाईपास से सैंडोरा होते हुए दशहरे मैदान आने और इसी रूट से वापस जाने निर्देशित किया था। इसके अतिरिक्त, अन्य दिशाओं से आने वाली ट्रॉलियों के लिए इंडियन चौराहा, सराफा बाजार से सागर तिराहे तक के लिए भी नया रूट प्लान किया गया था।

## पुलिस ने कई बैंकों का किया निरीक्षण, दिए जरूरी निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

मंगलवार को एसपी के निर्देश पर पुलिस ने गांव में स्थित विभिन्न बैंकों एवं एटीएम का निरीक्षण किया। निरीक्षण में पुलिस चौकी दीवानगंज प्रभारी सुनील शर्मा, प्रधान आरक्षक दिलीप यादव, आरक्षक आशुतोष शामिल रहे।

इस दौरान पुलिस ने बैंकों के आसपास घूमने वाले संदिग्ध लोगों से पूछताछ की। पुलिस ने बैंक ऑफ़ बड़ौदा, मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक, इंडसइंड बैंक की शाखाओं में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों तथा सायरन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान बैंक परिसर, सीसीटीवी कैमरे, अलार्म सिस्टम, गार्ड की तैनाती एवं आपातकालीन व्यवस्थाओं की जांच की गई। साथ ही बैंक प्रबंधन को सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन करने और संदिग्ध गतिविधियों पर तुरंत पुलिस को सूचना देने के निर्देश दिए।

## बरेली पिपरिया मार्ग पर जर्जर हालत में पुल-पुलिया, दोबारा निर्माण जरूरी

### हादसे के बाद भी एमपीआरडीसी की बनी उदासीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

दिसंबर के पहले दिन बरेली पिपरिया मार्ग पर ग्राम नयागांव कलां के पास लगभग 40 वर्ष पुराना पुल टूट जाने की घटना में एक वाहन चालक देवेंद्र धाकड़ युवक की मृत्यु हो गई थी। तीन-चार दिनों तक मार्ग पर यातायात अस्त-व्यस्त बना रहा। पुल के पास बायपास मार्ग का कच्चा निर्माण कर अस्थाई रूप से पिपरिया मार्ग का यातायात शुरू किया।

एमपीआरडीसी के जिम्मेदारी वाले बरेली पिपरिया मार्ग पर अनेक पुल पुलिया जर्जर क्षतिग्रस्त बने हुए हैं। ऐसे जोखिम भरे पुल पुलियों पर नर्मदा रेत से भरे ओवरलोड कई टन बजनी डंम्फरो, ट्राला, और हाईवा वाहनों का आवागमन बिना रोक-टोक जारी बना हुआ है।

### अनेक पुल पुलिया क्षतिग्रस्त व जर्जर

बरेली पिपरिया मार्ग पर नयागांव कलां के पास वाला मछवाई पर बना ऊंचा पुल एमपीआरडीसी के निगरानी में ठेकेदार द्वारा किए जा रहे



मरम्मत कार्य के दौरान अचानक टूट कर गिर गया था। महेश्वर से केलकछ नाके के बीच एक पुलिया तेंदोनी नदी पर बना पुल ग्राम बाग पिपरिया के पास एक पुलिया जर्जर क्षतिग्रस्त स्थिति में बने हुए हैं बरेली पिपरिया मार्ग पर 24 घंटे वाहनों यात्री बसों का भारी यातायात बना रहता है। क्षतिग्रस्त पुल पुलिया पर हादसे से पूर्व इनका पुनः निर्माण जरूरी है, अन्यथा मछवाई नाले पुल टूट जाने जैसी घटना के पुनरावृत्ती हो सकती है।

### शीघ्र हो पुल का निर्माण

नयागांव कलां के पास पुल टूटने के बाद अस्थाई मार्ग बनाकर जोखिम भरी स्थिति में यातायात तो हो रहा है, परंतु यदि वर्षा काल शुरू होने से पूर्व पुल का निर्माण नहीं हुआ तो मार्ग पर यातायात बंद हो जाएगा। बरेली से पिपरिया की दूरी 40 किलोमीटर है पिपरिया बरेली क्षेत्र के सैकड़ो ग्रामों के बीच सबसे निकटतम रेलवे स्टेशन है इसी कारण 24 घंटों हजारों वाहनों और नागरिकों का इसी मार्ग से आवागमन होता है।

---

## महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रशिक्षण हुआ का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा नगर के पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय एवं शासकीय सांदीपनी विद्यालय बाड़ी में मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया। उक्त कार्यक्रम में लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 एवं किशोर न्याय अधिनियम 2015 पर प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण में बाल विवाह मुक्त अभियान अंतर्गत 100 दिवसीय गतिविधियों की जानकारी बालकों को प्रदान की गई एवं शपथ दिलाई गई। उक्त प्रशिक्षण में बाल संरक्षण अधिकारी दिनेश मालवीय द्वारा नवोदय विद्यालय के विद्यार्थियों को लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 एवं किशोर न्याय बालकों की देखरेख एवं संरक्षण अधिनियम 2015 पर



विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। बालकों को नशे से होने वाले दुष्परिणाम के संबंध में भी जानकारी प्रदान की गई।

परियोजना अधिकारी जुलैखा खान द्वारा विद्यार्थियों को पोषण के संबंध में जानकारी प्रदान की गई एवं बालिकाओं को एनीमिया के कारण होने वाली बीमारियों के संबंध में जानकारी दी गई। बच्चों ने विभागीय जानकारी को सुना एवं प्रश्न भी पूछे। बालकों द्वारा पूछे प्रश्नों के उत्तर भी दिए गए। दोनों स्कूलों के लगभग 1060 बच्चे उपस्थित रहे।

### देश की 22 चोटियों पर चढ़ चुकी हैं रायसेन जिले की बेटी अंजना

## गुजरात तक 4000 किमी की साइकिल यात्रा पर हैं अंजना, 60 दिनों में 100 शहरों में करेंगी पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

'पेडल टू प्लांट 2025' अभियान के तहत अंतर्राष्ट्रीय पर्वतारोही अंजना यादव ने मंगलवार को सलामतपुर थाने में ग्रामीणों सहित गणमान्य नागरिकों को जलवायु परिवर्तन रोकने का संदेश दिया। उन्होंने यात्रा के दौरान सलामतपुर थाना परिसर में पौधरोपण भी किया। कार्यक्रम में अंजना यादव का कस्बे के गणमान्य नागरिकों और थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी ने हार फूल से स्वागत किया। उनके साथ निक्षा बारोट, निशा और निलेश भी यात्रा में शामिल हैं।

अंजना ने अपनी सफलता की यात्रा साझा की। सभी को लक्ष्य तय कर मिशन की तरह मेहनत करने की सलाह दी। मोबाइल का सही उपयोग कर ज्ञान और कौशल बढ़ाने की बात कही। उन्होंने बताया कि वह आठ खेलों में राष्ट्रीय स्तर की



खिलाड़ी हैं। अब तक देश की 22 चोटियों पर चढ़ चुकी हैं।

कार्यक्रम में सुनारी सरपंच प्रतिनिधि शेर सिंह राजपूत, थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी, गंगाराम चौकसे, मंडल अध्यक्ष रीतेश अग्रवाल, बल्लभ अग्रवाल, डॉ सुरेश यादव, हरीश मालविया, शंकर मेहरा, तोरण सिंह राजपूत, राहुल मैथिल, मुकेश मीणा राजपाल यादव, लालजीराम चौकसे मौजूद थे। कार्यक्रम के बाद अंजना यादव ने थाना परिसर में दो पौधे लगाए।अंजना अरुणाचल प्रदेश से गुजरात तक 4000 किमी की साइकिल यात्रा पर हैं। 60 दिनों में 100 शहरों में पौधरोपण करेंगी।

### इन प्रमुख ऊंची चोटियों पर चढ़ चुकी हैं अंजना

अंजना यादव कई ऊंची चोटियों पर देश का तिरंगा फहरा चुकी हैं, जिनमें माउंट फ्रेंडशिप पीक 17346 फिट, माउंट यू नाम पीक 20000 फिट, माउंट रेनोक पीक 16023 फिट, माउंट एवरेस्ट बेस कैम्प17598 फिट, माउंट कालापट्टर पीक 18192 फिट, माउंट गोकू पीक 17929 फिट, माउंट पतासु पीक 13800 फिट के साथ ही 19 किलो मीटर गंगा राफ्टिंग ऋषिकेश, ऑल ओवर गेम्स में 17 नेशनल खेल चुकी हैं। कबड्डी खो-खो, ताइक्वांडो, विसवाल में भी खेल चुकी हैं। अंजना ने माउंटट्रेनिंग बेसिक बीएमसी कोर्स हिमालयन इंस्टीट्यूट से किया है और दुनिया का सबसे ऊंचा महाद्वीप माउंट एवरेस्ट है उसका वेस कैंप पर भी तिरंगा फहराया है। वह अभी हिंदुस्तान एडवेंचर फाउंडेशन कंपनी के साथ जा रही हैं और इसके अलावा भी वह रक्तदान, जलसेवा, पर्यावरण आदि में रुचि रखकर विभिन्न कार्य करती रहती हैं।

बैठक में आईजी ने कहा -

## लंबित पड़े अपराधों पर पुलिस अधिकारी करें फोकस

**रायसेन।** मंगलवार को आईजी मिथिलेश कुमार शुक्ला ने क्राइम मीटिंग आयोजित की। जिसमें पुलिस अधिकारियों सहित जिला पुलिस अधीक्षकों को लंबित अपराधों पर फोकस करने जोर दिया। उन्होंने कहा कि रात्रि में पुलिस अधिकारियों द्वारा नेशनल हाईवे पर चेकिंग अभियान सतत जारी रखें। साथ ही पुलिस गश्त बढ़ाई जाए, ताकि अनैतिक गतिविधियों पर सख्ती से विराम लगाया जा सके। एसपी अपने क्षेत्र के थानों, पुलिस चौकी क्षेत्र में चलने वाले जुआ फड़, सट्टा अवैध शराब और महिला संबंधी अपराधों पर सख्ती से नियंत्रण रखें। अन्यथा लापरवाही मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। क्राइम मीटिंग में डीआईजी प्रशांत खरे, एसपी आशुतोष गुप्ता सहित पुलिस अधीक्षक मौजूद रहे।